**श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा विधान मण्डल के तृतीय सत्र-2023 में पूँछे गये प्रथम <u>मंगलवार के लिए निर्धारित तारांकित प्रश्न संख्या-15 का उत्तर।</u>**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 15 (क) क्या समाज कल्याण मंत्री बतायेंगे कि जनपद-गोरखपुर में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित दोनों राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों में शिक्षकों की कमी कब पूरी होगी ? | उ0प्र0 समाज कल्याण शैक्षणिक संवर्ग की प्रस्तावित नियमावली ''सोशल वेलफेयर टेक्निकल एवं नॉन टेक्निकल टीचर्स सर्विस रूल्स-2023" प्रख्यापित किये जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। सेवा नियमावली प्रख्यापित होने के उपरान्त उ0प्र0 लोक सेवा आयोग, प्रयागराज को अधियाचन प्रेषित किया जायेगा। |
| (ख) क्या दोनों विद्यालयों में प्रवक्ता के सात और सहायक अध्यापकों के भी सात पद रिक्त है ? | जिला समाज कल्याण अधिकारी, गोरखपुर की आख्यानुसार दोनों विद्यालयों में रिक्त पदों का विवरण निम्नवत है:- |

| क्र० | विद्यालय का नाम | पद का नाम | स्वीकृत | कार्यरत | रिक्त |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय, विशुनपुरा चौरी-चौरा, गोरखपुर | प्रवक्ता | 10 | 5 | 5 |
| | | सहायक अध्यापक | 10 | 5 | 5 |
| 2 | राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय, पतरा गोला, गोरखपुर | प्रवक्ता | 10 | 8 | 2 |
| | | सहायक अध्यापक | 10 | 8 | 2 |

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| (ग) क्या शिक्षकों की कमी को पूरा करने के लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा अतिथि शिक्षकों की भर्ती के लिए विज्ञापन निकाला गया था ? | जी हाँ। |
| (घ) यदि हाँ, तो कब तक नियुक्ति करायेंगे? | पुन: विज्ञापन प्रकाशित किया जाना प्रक्रियाधीन है। |
| (ड.) क्या राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय, विशुनपुरा गौनर चौरी चौरा में गणित, विज्ञान के शिक्षकों के बिना ही विद्यार्थियों के साथ उनके भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है ? | विद्यालय में गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं जीव विज्ञान के प्रवक्ता उपलब्ध हैं, जिनके द्वारा शिक्षण कार्य पूर्ण मनोयोग से नियमित रूप से किया जा रहा है। |

**असीम अरूण**

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)